RAJASTHAN NURSING COUNCIL
JAIPUR

B-39, Sardar Patel Marg, C- Scheme, Jaipur, Ph- 0141-2222923,Fax:- 2222099

क्रमांकः आर.एन.सी/परीक्षा/2020/4066 दिनांकः–14-12-2020

समस्त, प्रधानाचार्य, **अति–आवश्यक**
राजकीय/निजी जी.एन.एम. प्रशिक्षण केन्द्र,
राजस्थान।

विषयः– कोरोना महामारी से संक्रमित प्रशिक्षाणार्थियों की विशेष परीक्षा आयोजित करने बाबत्।

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि राजस्थान नर्सिंग कौंसिल, जयपुर द्वारा जी.एन.एम. प्रशिक्षण प्रथम वर्ष (न्यू सलेबस–3 वर्षीय कोर्स) मुख्य परीक्षा का आयोजन दिनांक 09.11.2020 से 12.11.2020 तक एवं तृतीय वर्ष (न्यू सलेबस–3 वर्षीय कोर्स) का आयोजन 14.10.2020 से 15.10.2020 तक किया गया था। तत्समय अद्योहस्ताक्षरकर्ता के ध्यान में लाया गया, की कुछ प्रशिक्षणार्थी कोरोना (Covid-19) महामारी से संक्रमित होने की वजह से संबंधित परीक्षा में सम्मिलित होने से वंचित रह गये।

अतः उक्त वंचित रहे प्रशिक्षणार्थियों की परीक्षा निम्नांकित तिथियों को राजस्थान नर्सिंग कौंसिल, जयपुर के प्रांगण में आयोजित करने का निर्णय लिया गया हैः–

क्रं.सं.	परीक्षा का नाम	आयोजन की तिथियां	समय
1.	जी.एन.एम. प्रथम वर्ष (न्यू सलेबस–3 वर्षीय कोर्स)	18.12.2020 से 21.12.2020 तक	अपराह्न 01.00 से सांय 04.00 बजे तक
2	जी.एन.एम. तृतीय वर्ष (न्यू सलेबस–3 वर्षीय कोर्स)	18.12.2020 से 19.12.2020 तक	अपराह्न 01.00 से सांय 04.00 बजे तक

उक्त परीक्षा हेतु राजस्थान नर्सिंग कौंसिल, जयपुर द्वारा वंचित रहे अभ्यर्थियों को पूर्व में जारी प्रवेश–पत्र मान्य होगे। पृथक से प्रवेश–पत्र जारी नहीं किया जावेगा, साथ ही प्रशिक्षणार्थियों को तत्समय जारी अपनी कोविड जॉंच की रिपोर्ट की मूल प्रति साथ लाना अनिवार्य होगा। जॉंच रिपोर्ट (Positive and Negative Report) के अभाव में प्रशिक्षणार्थियों को संबंधित परीक्षा में सम्मिलित नहीं किया जावेगा। सभी संस्था प्रधान अपने संबंधित प्रशिक्षणार्थियों की कोरोना (Covid-19) जॉंच रिपोर्ट (Positive and Negative Report) की प्रतियों को प्रमाणित कर परिषद् कार्यालय की Email ID rncjaipur@gmail.com पर दिनांक 17.12.2020 को दोपहर 3.00 P.M. तक आवश्यक रूप से अपलोड करने का श्रम करावें जिससे उक्त परीक्षा के संबंध में अग्रीम कार्यवाही की जा सके।

पत्र को सर्वोच्च प्राथमिकता प्रदान करावें।

(महेश कुमार शर्मा)
रजिस्ट्रार
राजस्थान नर्सिंग कौंसिल
जयपुर।